C M Y K

जयपुर ■ सीकर ■ अजमेर ■ अलवर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक अपना अखबार

# मॉर्निंग न्यूज़

वर्ष 20 अंक : 323 ₹ 4.00 पृष्ठ-8

www.morningnewsindia.com

जयपुर
शुक्रवार 4 अप्रैल, 2025

'हर पुरुष की सफलता के पीछे एक स्त्री का हाथ होता है, चाहे वह मां, बहन, पत्नी, दोस्त या फिर कोई ओर हो।'



पेज 8 | स्पोर्ट्स

मुख्यमंत्री ने किया श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण | 3

# गर्मी के मौसम में आमजन को सुनिश्चित हो निर्बाध विद्युत आपूर्ति

## विद्युत तंत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए डिस्कॉम्स उठाएं प्रभावी कदम : भजनलाल



**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गर्मी के मौसम में आमजन को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि डिस्कॉम्स के अधिकारी बिजली आपूर्ति की सतत मॉनिटरिंग करें और लाइनों में सुधार, ट्रांसफार्मर और जीएसएस स्थापित करने से संबंधित कार्यों को समय पर पूरा करें। साथ ही, डिस्कॉम्स बिजली छीजत घटाने को प्राथमिकता देते हुए इसे न्यूनतम करने का लक्ष्य प्राप्त करें।

भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री निवास पर जयपुर, जोधपुर और अजमेर विद्युत वितरण निगमों (डिस्कॉम्स) की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डिस्कॉम्स उन ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत तंत्र को सुदृढ़ करें, जहां गत वर्ष विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं थी। टीएण्डडी और एटीएण्डसी लॉसेज को न्यूनतम करने के लिए फीडर्स लेवल मॉनिटरिंग की जाए। साथ ही, खराब मीटर्स का रिपेयर और रिप्लेसमेंट सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने ऊर्जा उत्पादन निगम को पीक टाइम से पहले मेंटेनेंस पूरा करने के लिए भी निर्देशित किया।

**पीएम कुसुम योजना में लाएं गति :** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान » शेष पृष्ठ 6 पर

### लंबित कृषि कनेक्शन्स को प्राथमिकता से जारी करें : मुख्यमंत्री

शर्मा ने डिस्कॉम्स को लंबित घरेलू एवं अघरेलू कनेक्शन शीघ्र जारी करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि लंबित कृषि कनेक्शन्स को प्राथमिकता से निस्तारित किया जाए। डिस्कॉम्स के अधिकारी प्रतिदिन कृषि कनेक्शन जारी करने की रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को भेंजे। मुख्यमंत्री ने पीएचईडी कनेक्शनों को जारी करने की स्थिति, 33 और 11 केवी जीएसएस के निर्माण और खराब ट्रांसफार्मर के रिप्लेसमेंट की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

### मुफ्त बिजली योजना को त्वरित क्रियान्वित करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री नि:शुल्क बिजली योजना के लाभान्वित परिवारों को सोलर प्लांट लगाते हुए नि:शुल्क 150 यूनिट्स बिजली प्रतिमाह उपलब्ध कराएगी। जिन अल्प आय वर्ग के घरों पर सोलर प्लांट का स्थान उपलब्ध नहीं है, वहां पर सामुदायिक सोलर प्लांट स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस योजना की त्वरित क्रियान्विति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# थाईलैंड की पीएम शिनवात्रा से मिले प्रधानमंत्री मोदी

## एयरपोर्ट पर भारतीय समुदाय के लोगों से की मुलाकात, थाई रामायण का मंच देखा



**बैंकॉक (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को 2 दिन के थाईलैंड दौरे पर पहुंचे। यहां पर उन्होंने थाईलैंड की पीएम पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा के साथ जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। सबसे पहले पीएम मोदी ने 28 मार्च को भूकंप में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्होंने भारत और थाईलैंड के धार्मिक और सांस्कृतिक संबंधों पर बातचीत की।

मोदी ने कहा कि सदियों पुराने संबंध हमारी गहरी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कड़ियों से जुड़े हैं। बौद्ध धर्म के प्रसार ने हमारे लोगों को जोड़ा है। रामायण की कहानियां थाई लोगों के जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। इससे पहले थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक पहुंचकर पीएम मोदी ने एयरपोर्ट पर भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात की। इसके बाद थाई रामायण का मंचन देखा। यहां रामायण को रामाकेन कहा जाता है। इसके बाद पीएम मोदी ने थाईलैंड की पीएम पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा (38) से द्विपक्षीय मुलाकात की। वे दुनिया की सबसे कम उम्र की प्रधानमंत्री हैं। इस दौरान दोनों देशों के अधिकारियों ने व्यापारिक संबंधों पर चर्चा की।

### भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष थाईलैंड भेजे जाएंगे

पीएम मोदी ने कहा कि पीएम शिनवात्रा ने मुझे त्रिपिटक भेंट किया। 'बुद्ध भूमि' भारत की ओर से, मैंने इसे श्रद्धापूर्वक स्वीकार किया। पिछले साल भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष भारत से थाईलैंड भेजे गए थे। मैं यह घोषणा करते हुए खुशी महसूस कर रहा हूं कि गुजरात के अरावली में 1960 में मिले भगवान » शेष पृष्ठ 6 पर

## एक नजर



नवरात्र के छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा का विधान है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, नवरात्रि के छठवें दिन मां कात्यायनी की पूजा के दौरान व्रत कथा का पाठ करने से व्यक्ति के विवाह में आ रही बाधाएं दूर होती हैं।

### जयपुर सीरियल ब्लास्ट में मिले जिंदा बम पर फैसला आज

आठ मामलों में आरोपियों की फांसी की सजा माफ कर चुका हाईकोर्ट

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** जयपुर में करीब 17 साल पहले हुए सीरियल बम ब्लास्ट के दौरान चांदपोल के रामचंद्र मंदिर के पास मिले जिंदा बम मामले में शुक्रवार को फैसला आएगा। जयपुर बम ब्लास्ट मामलों की विशेष अदालत में जज रमेश कुमार जोशी जिंदा बम प्लांट करने के मामले में 4 आरोपियों को फैसला सुनाएंगे। दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद अदालत ने पहले 29 मार्च को फैसले का दिन तय किया था, लेकिन पिछली सुनवाई पर कोर्ट ने फैसला नहीं सुनाते हुए शुक्रवार को फैसले का दिन तय किया था। इससे पहले ब्लास्ट के 8 मामलों में यही अदालत करीब साढ़े 5 साल पहले आरोपियों को फांसी की सजा सुना चुकी है, लेकिन हाईकोर्ट ने सजा को रद्द करते हुए सभी आरोपियों को बरी कर दिया था। मामले में दो आरोपी जमानत पर बाहर हैं। वहीं, दो जेल में बंद हैं। इस मामले में राज्य सरकार की अपील सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग है।

**एकल पट्टा प्रकरण**

### सरकार ने धारीवाल और अन्य आरोपियों का किया विरोध

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** पूर्व यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल से जुड़े 11 साल पुराने एकल पट्टा प्रकरण में गुरुवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव की एकलपीठ ने राज्य सरकार से अभियोजन के संबंध में सरकार की स्थिति के बारे में पूछा। इस पर सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि हम धारीवाल सहित अन्य आरोपियों द्वारा दायर याचिकाओं का विरोध करते हैं। वहीं, हम 26 नवंबर 2021 के ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली तत्कालीन गहलोत सरकार की रिवीजन याचिका को आगे नहीं बढ़ाना चाहते हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश से हाईकोर्ट इस मामले में फाइनल सुनवाई कर रहा है।

### पश्चिम बंगाल में 25,753 शिक्षकों की बर्खास्तगी का आदेश बरकरार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के स्कूल भर्ती घोटाले से जुड़े कोलकाता हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। पश्चिम बंगाल में स्स्प्ट ने 2016 में 25 हजार शिक्षकों और गैर-शिक्षकों को नियुक्ति की थी। हाईकोर्ट ने इन नियुक्तियों को अवैध करार देते हुए कर्मचारियों को बर्खास्त किया था। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट की जांच को सही माना और कहा कि पूरी प्रक्रिया में धोखाधड़ी की गई। इसमें सुधार की कोई गुंजाइश नहीं है। मामले पर सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने सुनवाई की। शीर्ष कोर्ट में हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिकाएं दायर की गई थीं। इसके साथ ही सीबीआई जांच के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर 4 अप्रैल को सुनवाई करेगी।

### 40 साल बाद कोई भारतीय एस्ट्रोनॉट स्पेस में जाएगा

#### मई में इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जाएंगे शुभांशु शुक्ला, 14 दिन तक रहेंगे

**नई दिल्ली।** इंडियन एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला एक्सिओम मिशन 4 के तहत मई में इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जा सकते हैं। इस मिशन में चार देशों के चार एस्ट्रोनॉट 14 दिन के लिए स्पेस स्टेशन जाने वाले हैं। अमेरिका की स्पेस एजेंसी नासा ने एक अपडेट में इसकी जानकारी दी। नासा और इसरो के बीच हुए एग्रीमेंट के तहत ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को इस मिशन के लिए चुना गया है।

» शेष पृष्ठ 6 पर

# राज्यसभा में भी देर रात तक जारी रही वक्फ संशोधन बिल पर चर्चा

### जेपी नड्डा बोले-विपक्ष राम मंदिर, कुंभ, बिहार इलेक्शन पर बोल रहा, ये सब चर्चा को डिरेल करने की कोशिश

### नेता विपक्ष खड़गे ने कहा-मेरी किस्मत अच्छी है कि मुझे सुनने के लिए गृहमंत्री भी है, लेकिन गुफ्तगु कर रहे हैं।



**नई दिल्ली (एजेंसी)**

वक्फ संशोधन बिल लोकसभा में पास होने के बाद गुरुवार को राज्यसभा में पेश किया गया। राज्यसभा में भी दोपहर 1 बजे से देर रात तक वक्फ संशोधन बिल पर चर्चा जारी रही।

नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि वक्फ बिल के बारे में सारे देश में ऐसा माहौल बना है कि माइनॉरिटीज को तंग करने के लिए ये बिल लाया गया है। ऐसा कोई बहुत से बदलाव अगर 1995 के एक्ट से होते तो हम मान लेते। जो वहां है वो इसमें डाल दिया। जो नहीं डालना चाहिए वो भी डाल दिया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने वक्फ बिल पर विपक्ष के रुख को लेकर निशाना साधा। नड्डा ने कहा कि हमने कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए सरकार की तुलना में वक्फ बिल को लेकर कहीं ज्यादा गंभीरता दिखाई। यह बिल पार्टी इंट्रेस्ट का नहीं है, यह नेशनल इंट्रेस्ट का विषय है। इसलिए मुद्दे पर चर्चा करनी चाहिए। विषय को डिरेल नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिल में कहीं राम मंदिर आ रहा है। कहीं कुंभ मेला दिख रहा है। बिहार का इलेक्शन दिख रहा। कहीं एअर इंडिया बिक गया। कहीं केरला का सिनेमा आ गया। ये सब चर्चा को डिरेल करने की कोशिश है।

**रिजिजू बोले-इस बिल में ट्रांसपैरेंसी, अकाउंटेबिलिटी, एक्यूरेसी केंद्रित बदलाव :** अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि व्यापक चर्चा के बाद तैयार किए गए बिल को जेपीसी के पास भेज दिया गया था। वक्फ को लेकर जेपीसी ने जितना काम किया, उतना काम किसी कमेटी ने नहीं किया। इससे पहले बुधवार देर रात तक चर्चा के बाद इस बिल » शेष पृष्ठ 6 पर

# जयपुर कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी

## 200 कमरे खाली करवाए, सैकड़ों कर्मचारी-अधिकारियों को बाहर निकाला, परिसर में अफरा-तफरी मची



***मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर***

*जयपुर जिला कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी के बाद खाली करवाया गया। कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी की सरकारी आईडी पर धमकी का ईमेल आया था। गुरुवार सुबह 11:30 बजे मिले ईमेल की जानकारी कलेक्टर ने जयपुर पुलिस कमिश्नर को दी। इसके बाद आनन-फानन में पूरे परिसर से लोगों को बाहर निकाला गया। करीब 200 कमरों की जांच के लिए बम स्क्वॉड और इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम (ईआरटी) को भी बुलाया गया।*

*हालांकि, करीब 2 घंटे के सर्च के दौरान किसी भी एजेंसी को कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर जमा कर्मचारियों ने बताया कि सुबह सामान्य दिनों की तरह कामकाज चल रहा था। अचानक 11:30 बजे के आसपास शोर मचने लगा। सभी को परिसर खाली करने के लिए कहा गया। जब तक कॉम्प्लेक्स के बाहर पहुंचे, बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी अंदर पहुंचने लगे थे। बाहर आकर जानकारी मिली कि कलेक्टर के पास बम की धमकी का ईमेल आया है। इसके बाद से सभी लोग डरे हुए हैं। दोपहर 2 बजे तक भी बिल्डिंग परिसर में बम स्क्वॉड की टीमें मौजूद थीं। अधिकारियों ने बताया कि जब तक एजेंसी क्लीयरेंस नहीं दे देती, अंदर जाने की परमिशन नहीं दी जाएगी।*

### धमकी के ईमेल में यह लिखा

धमकी के ईमेल में यह लिखा- जयपुर कलेक्टर ऑफिस एक भयंकर आईडी पाइप बम के टारगेट पर है। यह कदम 2-जी मामले में सवुक्कु शंकर के साथ हुए अनुचित व्यवहार और सादिक बलवा की हिरासत में हुई मौत का बदला लेने के लिए उठाया गया है। हम सुरक्षा एजेंसी को भगवान के नाम पर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने का चैलेंज देते हैं। बम वीकेंड पर पहले से ही आज के लिए लगा दिया गया है। जो अन्ना यूनिवर्सिटी एमआईटी कैंपस के मैकेनिकल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट में तैयार किया गया है। आज इस बम में धमाका करेंगे। हमारा लक्ष्य जन्नत देखना है। कलेक्ट्रेट हमारे साथ नष्ट हो जाएगा! आज का ऑपरेशन पूरा होने के बाद शहीद हो जाएंगे। बिलाल-रियाज जो यह पढ़ रहे हैं। आज का दिन है। आप जानते हैं कि क्या करना है। यह हमारा अंतिम कम्युनिकेशन होगा। डीएमके अरिवालयम में नखीरन गोपाल से संपर्क करें। हमने उन्हें एक गुलाबी लिफाफा दिया है, जिसमें डीएमके परिवार की भागीदारी सहित हमारी कहानी का दस्तावेजीकरण करने वाले वीडियो हैं। अल्लाहु अकबर।

**500 कार्यकर्ताओं ने 16 हजार किलो हलवे का प्रसाद बनाया** | **48 घंटे जलती रहीं 25 भट्टियां**

# करणी माता मंदिर के नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड

**मॉर्निंग न्यूज @ बीकानेर**

बीकानेर के देशनोक में स्थित करणी माता मंदिर में 16 हजार किलो प्रसाद का भोग लगाया गया। ये दुनिया में अब तक का सबसे बड़ा प्रसाद चढ़ावा माना गया है। इसे 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' से सर्टिफिकेट भी दिया गया। इस विशेष प्रसाद को बनाने के लिए 500 से अधिक कार्यकर्ता 30 मार्च से जुटे हुए थे। मंदिर परिसर में 25 गैस भट्टियां लगाई गई। इस हलवे को बनाने के लिए 6,600 किलो बादाम और 3,750 किलो शुद्ध घी का उपयोग किया गया। इसके अलावा 3,750 किलो चीनी, 5 लाख रुपए की कश्मीरी केसर, इलायची और पिस्ता भी डाले गए। गुरुवार सुबह 9:15 बजे मां करणी को महाप्रसाद का भोग लगाया गया। इसके बाद करीब 1 लाख लोगों में



वितरित किया गया।

इस कार्यक्रम के आयोजक शंकर कुलरिया और धर्म कुलरिया ने बताया कि मूलवास सीलवा गांव के ब्रह्मलीन गौसेवी संत पदमाराम कुलरिया एवं उनके परिवार द्वारा मां करणी माता की कृपा से सावन-भादो महाप्रसाद का आयोजन किया » शेष पृष्ठ 6 पर

### ऐसे बना महाप्रसादी का वर्ल्ड रिकॉर्ड

मंदिर ट्रस्ट की ओर से गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्र्स के लिए आवेदन किया गया था। इस पर बुधवार शाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉड्र्स के आधिकारिक प्रतिनिधि ऋषि नाथ और कैंसल्टन निश्चल बारोट ने मंदिर का दौरा किया।

उन्होंने प्रसाद बनाने के प्रोसेस और अन्य सभी मानकों की जांच की। इसके बाद इस प्रसाद को वर्ल्ड रिकॉर्ड घोषित किया। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्र्स के अधिकारियों ने समाजसेवी हरप्यारी देवी कुलरिया और ट्रस्ट के अध्यक्ष बादल सिंह को प्रदान दिया गया।

# अमेरिका ने भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लगाया

## ट्रम्प बोले-मोदी अच्छे दोस्त, लेकिन टैरिफ पर व्यवहार ठीक नहीं

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार देर रात भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ (रेसिप्रोकल यानी जैसे को तैसा टैरिफ) लगाने का ऐलान किया। ट्रम्प ने कहा कि भारत बहुत सख्त है। मोदी मेरे अच्छे दोस्त हैं, लेकिन हमारे साथ सही व्यवहार नहीं कर रहे हैं। ट्रम्प ने कहा कि भारत अमेरिका पर 52 प्रतिशत तक टैरिफ लगाता है, इसलिए अमेरिका भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। अन्य देश हमसे जितना टैरिफ वसूल रहे, हम उनसे लगभग आधे टैरिफ लेंगे। इसलिए टैरिफ पूरी तरह से रेसिप्रोकल नहीं होंगे। मैं ऐसा कर सकता था, लेकिन यह बहुत से देशों » शेष पृष्ठ 6 पर



अजमेर ■ अलवर ■ टोंक ■ दौसा ■ झुंझुनूं ■ सवाईमाधोपुर ■ कोटा ■ भीलवाड़ा ■ चित्तौड़गढ़ ■ सिरोही ■ जोधपुर ■ नागौर ■ बीकानेर ■ चूरू ■ धौलपुर ■ भरतपुर में एक साथ प्रसारित।